क्रियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश

कार्यक्रम का नाम: Hospital Strengthening

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक 2 के आधार पर): मातृ शिशु स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आधारभूत संरचना

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० संख्या (अनुलग्नक–2 के आधार पर): B.4.1.5.4.1

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण :

गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कराने एवं मातृ मृत्यु अनुपात, शिशु मृत्यु दर को कम करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में हर गर्भवती एवं शिशु के देखभाल हेतु तीन स्तर पर एम.सी.एच केन्द्र का कार्यान्वयन किया जाना है। इस संदर्भ में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (एम.सी.एच. केन्द्र) हेतु लेवल–1 के रूप में वित्तीय 2012–13 में प्रत्येक प्रखण्ड से एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रत्येक प्रखंड से दो उपस्वास्थ्य केन्द्रों का चयन किया गया था, जिसे संचालित किया जा रहा है। लेबल–2 के रूप में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा लेबल–3 के रूप में FRU को चिन्हित कर विकसित किया जा रहा है ।

वर्ष 2012–13 में जिलों के द्वारा चयनित सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जो कि लेबल–1 लेबल–2 एवं लेबल–3 संस्थानों के अंतर्गत हें उनके सवंर्द्धन के लिए सीधे स्वास्थ्य संस्थानों को राशि आवंटित की गई थी । जिसे निम्नलिखित वित्तीय दिशा निर्देश के आधार पर व्यय किया जाना है ।

इकाई राशि (रू० में) : जिलों के द्वारा स्वास्थ्य कार्य–योजना के माध्यम से L-1' L-2 L-3 स्वास्थ्य संस्थानों के लिये मांगी गयी राशि (यह राशि प्रत्येक संस्थानों के लिये भिन्न)

वित्तीय दिशा निर्देश :

यह राशि चयनित संस्थानों के आधारभूत संरचानाओं के विकास के लिए दिया गया था । गत वित्तीय वर्ष में चयनित L-1, L-2, L-3 स्वास्थ्य संस्थानों पर आधारभूत संरचना का कार्य प्रारंभ किया गया था, परंतु कार्य पूर्ण नहीं होने के वजह से काफी जगहों पर भुगतान वित्तीय वर्ष 2012–13 में नहीं किया जा सका है । अतः इस वित्तीय वर्ष में इस राशि को Committed Fund के रूप में दिया जा रहा है, जिससे गत वर्ष के कार्य को पूरा किया जा सके और इसका भुगतान सुनिश्चित किया जा सके । इसके अलावा अगर किसी भी स्तर (L-1' L-2 L-3) के स्वास्थ्य संस्थानों को एम.सी.एच. केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है, और इस मद में राशि उपलब्ध है, तो इस राशि का उपयोग किया जा सकता है ।

पूर्व में जिस प्रकार से आधारभूत संरचनाओं का काम किया जा रहा है, उसी दिशा निर्देश का पालन करते हुये किसी भी स्तर (L-1' L-2 L-3) के स्वास्थ्य संस्थानों को एम.सी.एच. केन्द्र के रूप में विकसित **करने हेतु आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का कार्य किया जाना है।**

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)

(क) (ख) (ग)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का नाम : गौरव कुमार, उपनिदेशक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य
संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का फोन नंबर : 9431005972,

13/7/13

10/7/13